लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 21–926
दिनांकः 16.12.2021

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0 (तृतीय एवं पंचम) एवं पी0जी0 / पी0जी0 डिप्लोमा / बी0काम0 (आनर्स) / बी0सी0ए0, एम0सी0ए0, बी0एस–सी0 एंव एम0एस–सी0 (एग्रीकल्चर), बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर (विधि एवं आई0एम0एस0 के छोड़कर)** पाठ्यक्रमों के नियमित / बैक पेपर एवं इक्जेम्टेड **परीक्षा सेमेस्टर दिसम्बर–2021 (प्रथम सेमेस्टर नियमित छात्रों को छोड़कर)** की परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षाफार्म **www.exam.luonline.in and www.lkouniv.ac.in** पर भरने की तिथि **दिनांक 20.12.2021 तक पुनः विस्तारित की जाती है।**

1. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो की सूची **दिनांक 22.12.2021** तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।
2. बैकपेपर / इम्प्रूवमेन्ट / इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करते हुए परीक्षाफार्म एवं शुल्क रसीद सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षाफार्मो की सूची **दिनांक 22.12.2021** तक परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र / छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
4. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की सूची के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क वित्त अधिकारी के पत्र संख्या 3001–99 / एफ0ओ0 दिनांक 21.01.2020 के क्रम में विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक **online fees submission के माध्यम से नेटबैकिंग / डेबिट व केडिट कार्ड / आर0टी0जी0एस0 / एन0एफ0टी0 अथवा एच0डी0एफ0सी0 के किसी भी शाखा में जमा करते हुए** समस्त परीक्षाफार्मो की सूची **दिनांक 22.12.2021** तक परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों को परीक्षा सम्बन्धी लॉगिन उनकी ई–मेल / मो0न0 पर उपलब्ध कराया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त सकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
4. कुलानुशासक।
5. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को विश्वविद्यालय न आना पड़ें।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
7. उप कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय / प्रभारी, वेवसाइट,।
8. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा / कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)
9. अधीक्षक (कैश–पुराना) / सूचना एवं गाइडेन्स ब्यूरो।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।